

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस, उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने किया ध्वजारोहण



## शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में आयोजित हुआ जिला स्तरीय समारोह

- स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति, विभागों ने निकाली झांकी
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**रायगढ़ ।** रायगढ़ में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में उच्च शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही राष्ट्रगान का गायन किया गया व पुलिस बल, होम गार्ड्स, एनसीसी कैडेट्स व स्काउट गाईड्स की टुकडिय़ों द्वारा सलामी दी गई। उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने शांति के प्रतीक श्वेत कपोत तथा तिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाये। इस मौके पर उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने मुख्यमंत्री के जनता के नाम संदेश का वाचन किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने सभी को गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं दी तथा अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ महतारी के महान सपूतों को नमन करते हुए कहा कि इन वीर बलिदानियों के योगदान से राष्ट्रीय आंदोलन में छत्तीसगढ़ की प्रमुखता से सहभागिता रही। संविधान निर्माताओं ने देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने के लिए और देश में समरसता के मूल्य व संस्कारों को स्थापित करने वाला संविधान हमें दिया। इसकी बदौलत ही हमारा देश लोकतंत्रात्मक गणराज्य कहलाता है। प्रदेश में हम निरंतर ऐसी नीतियों का क्रियान्वयन व योजनाओं का संचालन कर रहे है, जिससे आदिवासी अंचलों के साथ ही ग्रामीण, किसानों, श्रमिकों व महिलाओं की आर्थिक स्थिति बेहतर हो। ग्रामीण अंचल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच व कुपोषण के कुचक्र से मुक्ति के लिए लगातार उपाय किए जा रहे है।

समारोह में 10 प्लाटून्स के द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई तथा विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं का जीवंत प्रदर्शन करते हुए झांकियां निकाली गई। इस दौरान वीर शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। जिनमें शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी-रायगढ़, शहीद प्र.आर.श्री राघवराम ओझा (6 वीं वाहिनी)ग्राम-कुमदरी, शहीद आर.श्री पंचराम भगत-लैलूंगा, शहीद आर.श्री सुखसाय भगत 6 वीं वाहिनी ग्राम-पिपराही, शहीद आर.श्री लक्ष्मीणारायण ग्राम-जमरगीडीह, शहीद आर.श्री तनिक लाल ग्राम-चुहकीमार, शहीद आर.श्री राजाराम एक्का ग्राम-सोनाजोरी, शहीद आर.श्री शिव कुमार ग्राम-तिलगी, शहीद आर.श्री सुभाष बेहरा ग्राम-सण्डा, शहीद आर.श्री बीरसिंह (6 वीं वाहिनी) ग्राम-कपिस्दा एवं शहीद पीसी गीताराम राठिया ग्राम-सिंघनपुर के परिजनों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षामंत्री पटेल द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा भी मंच पर उपस्थित रहे।

गणतंत्र दिवस समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर रायगढ़ नगर निगम जानकी काटजू, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, एसडीएम गगन शर्मा, सीएसपी अभिनव उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकगण उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस समारोह का संचालन प्राचार्य राजेश डेनियल व व्याख्याता रंजीत कौर घई ने किया।

**सीईओ मिश्रा ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डी.आर. रात्रे, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### सांस्कृतिक कार्यक्रम में ये रहे अव्वल

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सेंट जेवियर स्कूल रायगढ़-प्रथम, संस्कार स्कूल-द्वितीय एवं इंडियन स्कूल-तृतीय स्थान पर रहें। साथ ही ओपी जिंदल स्कूल तराईमाल की विशेष सहभागिता रही। उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के लिए भी प्लाटून्स को भी सम्मानित किया गया। जिसमें जूनियर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार-स्काउट दल सेंट माईकल स्कूल एवं द्वितीय पुरस्कार-एनसीसी नटवर स्कूल को मिला। इसी तरह सर्वश्रेष्ठ परेड प्रदर्शन (सीनियर)में प्रथम पुरस्कार-महिला होम गार्डस एवं द्वितीय पुरस्कार-छत्तीसगढ़ सशस्त्र 6 वीं वाहिनी को मिला।



### विभागों ने निकाली झांकी, जिला पंचायत को मिला प्रथम पुरस्कार




गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में शासकीय विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिला पंचायत रायगढ़, नगर निगम रायगढ़, वन विभाग रायगढ़, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायगढ़, शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ की संयुक्त झांकी, कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, रेशम विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग रायगढ़ एवं केलो प्रोजेक्ट रायगढ़, एनटीपीसी लारा, एसईसीएल, पर्यावरण विभाग, उद्यान विभाग एवं महिला एवं बालक विकास रायगढ़ शामिल थे। जिसमें झांकी प्रदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ को प्रथम पुरस्कार मिला तो वहीं दूसरे स्थान पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा तृतीय स्थान पर एनटीपीसी लारा रायगढ़ रहे।

### अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



जिला कार्यालय रायगढ़ से सहायक ग्रेड-2 सूरज खर्रा, वंदना झरिया, पुलिस विभाग से निरीक्षक थाना प्रभारी कोतवाली रायगढ़ शनिप रात्रे, निरीक्षक थाना प्रभारी पूंजीपथरा जितेन्द्र एसैया, उप निरीक्षक थाना प्रभारी कोतरा रोड गिरधारी साव, उप निरीक्षक थाना प्रभारी धरमजयगढ़ नंदलाल पैकरा, जिला पंचायत कार्यालय रायगढ़ से तकनीकी सहायक जनपद पंचायत खरसिया मोहम्मद इरफान अंसारी, लैलूंगा सुनील चन्द्रा एवं धरमजयगढ़ राकेश कुमार कुशवाहा तथा संकुल समन्वयक जनपद पंचायत घरघोड़ा लता भगत, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्थ, स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ डॉ.नैन्सी लकड़ा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक फलोरेसिया तिर्की, ममता भगत, संतोष घोष, ज्योति सोना, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से मृदा वैज्ञानिक डी.के.महंत, शिक्षा विभाग से जितेन्द्र ठाकुर एवं श्याम लाल यादव, जिला आयुर्वेद कार्यालय से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.नीरज कुमार मिश्रा एवं डॉ.सुभाष चन्द्र झॉ, नगर पालिक निगम से हेमेन्द्र सिंह ठाकुर, रैमत यादव, रजनी रात्रे, बबली टंडन, अलिषा तिग्गा एवं अमित राय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक मानचित्रकार बाबूलाल पटेल एवं हैण्ड पंप टेक्नीशियन हीरा कुमार यादव, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी चंद्रशेखर साहू, कार्यालय जिला सेनानी से सुमित कुमार केशरवानी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय से बालकिशन राम, कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं रायगढ़ से श्याम कुमार पटेल, खाद्य विभाग से अविनाश कुमार तिवारी, भू-अभिलेख शाखा से रूपलाल सिदार, एसडीएम कार्यालय रायगढ़ से नायब तहसीलदार प्रकाश पटेल एवं पटवारी मनहरण देवांगन, तहसीलदार कार्यालय रायगढ़ से फबियानुस तिग्गा, एसडीएम कार्यालय घरघोड़ा से संतोष महंत, संजीव राजहंस, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से कु.लिपियंका बसंत, जिला जेल रायगढ़ से आशीष बाजपेयी, एसडीएम कार्यालय धरमजयगढ़ से राजेश कुमार कुंभकार एवं जतिन विश्वकर्मा, वनमंडलाधिकारी कार्यालय धरमजयगढ़ से जावेद शेख, अजय यादव, विशाल सोनी, वनमंडलाधिकारी कार्यालय रायगढ़ से जगदीश कुर्रे एवं हसनैन अली, प्राचार्य इंडियन स्कूल रायगढ़ से अदिति शर्मा, नवनीत देव चौहान एवं अनुश्री शर्मा, अध्यक्ष रायगढ़ जिला बैडमिंटन संघ से आमान खान, किक बाक्सिंग एशियन चैम्पियनशिप 2022 में चयन तथा काश्य पदक विजेता रहे ऋषि सिंह, मेडिकल कालेज रायगढ़ को देहदान ज्योति श्रीवास्तव, नेत्रदान जागरूकता के क्षेत्र में देवकी रामधारी फाउण्डेशन, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना रायगढ़ से करण सारथी, सुशांत पटनायक एवं पर्यावरण बचाओ जन जागरण संदेश यात्रा को प्रारंभ कर सायकल से 33 जिला की यात्रा संपन्न करने वाले प्रमोद कुमार सिदार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित व संवेदनशील होना जरूरी- सीईओ अविनाश मिश्रा


- कलेक्टोरेट के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मनाया गणतंत्र दिवस का पर्व

**रायगढ़ ।** 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने कलेक्टोरेट परिसर स्थित सृजन सभाकक्ष में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों से भेंट की और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सीईओ मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के इतिहास का स्वर्णिम दिन है। इस दिन भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र बन गया था। हमारा संविधान सभी देशवासियों को समानता का मूल अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि हम सब महत्वपूर्ण पदों पर आसीन है और इसकी सही पहचान तब होगी जब हम पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। इसके लिए हमें अपने कार्य में लोगों की समस्याओं व उसके त्वरित निराकरण के लिए संवेदनशीलतापूर्वक कार्य करना होगा। जिससे लोगों को समय पर उनकी समस्याओं का समाधान मिले।

संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे ने कहा कि 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गौरवपूर्ण है। भारत का संविधान सभी को बराबर का अवसर देता है। उन अधिकारों व सिद्धांतो को लागू करने में हमें अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिये। डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर ने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हम 74 वें गणतंत्र दिवस को मनाने के लिए यहां एकत्र हुए है। यह दिन भारतीय इतिहास में विशेष स्थान रखता है। आज ही के दिन भारतीय संविधान लागू किया गया था। हम सभी को मिलकर कोशिश करनी चाहिए कि अपना देश और भी बेहतर बन सके। इसके लिए हम संकल्प ले कि अपने दिनचर्या में सुधार लाये और नियमित रूप से अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें।





इस दौरान डीकाराम शेष, व्याख्याता रंजीत कौर घई एवं स्टेनो टायपिस्ट वंदना झरिया ने गीत व वक्तव्यों के माध्यम से अपनी बात रखी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, ज्वाईंट कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर वेरनादत्त एक्का, डिप्टी कलेक्टर एस.के. कंवर सहित जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित-** सीईओ मिश्रा ने आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर सृजन सभाकक्ष में जिला कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ से प्रीतियेश साहू, किरीतराम राठिया, सुश्री रंजितादास शामिल है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रताप शेखर बेहरा, महिला आरक्षक पुष्पा सहिस, जिला पंचायत से लोकनाथ जेना, जय कुमार पटेल, स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधिकारी डॉ.रजनी नायक, डॉ.संतराम पैंकरा, सुनिता नायर, शिक्षा विभाग से शैलेन्द्र कुमार कर्ण, व्याख्याता रंजीत कौर घई, आयुर्वेद कार्यालय से हीरालाल, नगर निगम कार्यालय से ऋषि कुमार मनहर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कुंज बिहारी यादव, पशु चिकित्सा विभाग से छत्तर सिंह, जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना रायगढ़ से श्रवण कुमार लक्ष्में, कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग से प्रेमशीला मिश्रा, बिबिया गुलाब, उप पंजीयक सहकारी संस्थाए से कृष्णचंद्र सिदार, खाद्य विभाग से सुश्री श्वेता यादव, भू-अभिलेख शाखा से नवीन एक्का एवं बाबूलाल माली, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा से जयन्त कुमार बनाफर, कृषि विभाग से रामधन सिंह राठिया एवं शिवचरण दिवाकर, जनपद पंचायत पुसौर से नारायण देवांगन, आदिवासी विकास विभाग से उम्मेदराम यादव, जिला परियोजना लाईवलीहुड कालेज आमोद पटेल, जिला सूचना विज्ञान केन्द्र से राजीव कुमार साव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से ताराकांत प्रधान, उषा सिदार एवं देव अवतार चौधरी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग से रेवती नायक, जिला जेल रायगढ़ से श्रवण कुमार पैंकरा, वनमंडलाधिकारी कार्यालय रायगढ़ से प्रेमा तिर्की एवं उद्यान विभाग से लेखराम पटेल तथा अशोक गोयल शामिल थे।

# पुलिस कार्यालय सहित जिले के सभी थाना और चौकियों में शान से लहराया तिरंगा



**रायगढ़ ।** देश में 74 वें गणतंत्र दिवस को पूरे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। रायगढ़ जिले में भी शासकीय तथा निजी भवनों पर बड़े शान शौकत से तिरंगा लहराया।

आज सुबह पुलिस कार्यालय रायगढ़ में सशस्त्र जवानों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, हेड क्वार्टर डीएसपी बेनेडिक्ट मिंज, कार्यालय मुख्य लिपिक जे.पी. चेलकर एवं पुलिस कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे। वहीं एसडीओपी कार्यालय खरसिया में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी निमिषा पाण्डेय तथा एसडीओपी कार्यालय धरमजयगढ़ में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी प्रकार जिले के सभी थाना, चौकियों में थाना/ चौकी प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480